कोल इंडिया लिमिटेड की कोयला धोवनशालाओं की क्षमता

4653. **श्री छोटूभाई पटेल :** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोल इंडिया लि० की कोयला धोवनशालाओं की कुल कितनी क्षमता है ;

(ख) क्या सरकार का कोल इंडिया लि० की सभी कोयला धोवनशालाओं का आधुनिकीकरण करने का विचार है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार कोल इंडिया लि० के अधीन दो नई धोवनशालाएं स्थापित करने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस० बो० नयमेगौडा) : (क) कोल इंडिया लि० की वर्तमान कोकिंग कोयला वाशरियों की कच्चे कोयले की उत्पादन क्षमता 25.22 मिलियन टन प्रतिवर्ष है ।

(ख) भारत कोकिंग कोल लि० की दुग्दा I, दुग्दा II, भोजूडीह, पाथरडीह, सुदामाडीह तथा मूनीडीह और सेंट्रल कोल फील्ड्स लि० की कारगली, कथारा, गिड्डी, राजपुरा और स्वांग की वर्तमान वाशरियों के आधुनिकीकरण का कार्य एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों पर किया जा रहा है । डेशलिंग संयंत्र की स्थापना तथा फाइन कोयले के परिष्करण करने की व्यवस्था, कच्चे कोयले का फाइनर क्रेशिंग की व्यवस्था और उपकरण/स्वचालन की पद्धति की शुरुआत करना जैसी कुछ मुख्य मदें हैं, जिनमें सुधार किया जा रहा है ।

(ग) और (घ) वर्तमान में कोल इंडिया लि० के अंतर्गत स्थापित की जा रही वाशरियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

क्र० सं०	स्थान	क्षमता मि०टन प्रतिवर्ष	टिप्पणी
1.	मधुबंद (भा.को.को.ल.)	2.5	स्टील संयंत्रों को आपूर्ति किए जाने वाला कोककर कोयला
2.	केडला (से.को.लि.)	2.6	तदेव
3.	बीना (ना.को.लि.)	4.5	विद्युत गृह को आपूर्ति किए जाने वाला गैर अकोककर कोयला
4.	पिपरवार (से.को.लि.)	6.5	तदेव
5.	कलिंगा (महा.को.लि.)	8.0	तदेव

Delivery of Sonar simulators to the Indian Navy

4654. SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Department of Electronics has not delivered sonar simulators to the Indian Navy;

(b) whether the project has since been closed;

(c) if so, the reasons therefor;

(d) whether the department is now working on some other project; and

(e) if so, the details thereof, stating the reasons therefor?